सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 114 | इंदौर, शनिवार 08 नवंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

● देश को चार 'वंदे भारत' की सौगात...

## पीएम मोदी ने काशी से दिखाई हरी झंडी, कहा- यह भारतीयों की ट्रेन है



**वाराणसी, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी से देश को चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात दी है. पीएम ने ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई है. पीएम मोदी ने कहा, दुनियाभर के विकसित देशों में आर्थिक विकास का बहुत बड़ा कारण वहां का इंफ्रास्ट्रक्चर रहा है. जिन भी देशों में बड़ी प्रगति, बड़ा विकास हुआ है, उनके आगे बढ़ने के पीछे बहुत बड़ी शक्ति वहां के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की है. आज भारत भी बहुत तेज गति से इसी रास्ते पर चल रहा है. इसी कड़ी में आज देश के अलग-अलग हिस्सों में नई वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत हो रही है.

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, अधिकांश देशों के विकास में इंफ्रास्ट्रक्चर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. किसी भी शहर में जैसे ही बेहतर कनेक्टिविटी मिलती है, उसका विकास अपने-आप तेजी से शुरू हो जाता है. इंफ्रास्ट्रक्चर सिर्फ बड़े पुलों और हाइवे तक सीमित नहीं है. पीएम मोदी का कहना था कि काशी से खजुराहो वंदे भारत के अलावा, फिरोजपुर-दिल्ली वंदे भारत, लखनऊ-सहारनपुर वंदे भारत और एर्नाकुलम-बेंगलुरू वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई गई है. इन 4 नई वंदे भारत ट्रेनों के साथ ही अब देश में 160 से ज्यादा नई वंदे भारत ट्रेनों का संचालन होने लगा है.

पीएम ने आगे कहा, आज वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत जैसी ट्रेनें, भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव तैयार कर रही हैं. ये भारतीय रेलवे को transform करने का एक पूरा अभियान है. वंदे भारत भारतीयों की, भारतीयों द्वारा, भारतीयों के लिए बनाई गई ट्रेन है. जिस पर हर भारतीय को गर्व है.

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन आज से बनारस-खजुराहो, लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एर्नाकुलम-बेंगलुरु रूट पर संचालित होंगी. डीआरएम गौरव अग्रवाल ने बताया, आज चार नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई गई. लखनऊ के लोगों को लखनऊ से सहारनपुर जाने का मौका मिलेगा, जो सोमवार को छोड़कर हफ़्ते में 6 दिन चलेंगी.

वंदे भारत की सौगात मिलने पर एक स्थानीय नागरिक का कहना था कि काशी आने वाले सभी श्रद्धालु- चाहे वे दिल्ली से हों या देश-विदेश के अन्य हिस्सों से... पहले काशी पहुंचते हैं, फिर प्रयागराज, चित्रकूट और अन्य धार्मिक स्थलों की ओर बढ़ते हैं. इसी मार्ग से खजुराहो भी जुड़ता है, जो हमारा ऐतिहासिक और विश्व धरोहर स्थल है. यह पहल सराहनीय है. हमें उम्मीद है कि एनडीए सरकार भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रखेगी.

विश्व बाजार में भारत ने फूंका स्वदेशी का बिगुल

# सीएम डॉ. मोहन यादव बोले- आत्मनिर्भरता ही नया भारत का संकल्प

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत आज विश्व अर्थव्यवस्था में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। वैश्विक आर्थिक युद्ध के दौर में भारत ने स्वदेशी का बिगुल फूंका है। प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों, व्यापारियों और उद्यमियों को इस आर्थिक युद्ध में "स्वदेशी ब्रह्मास्त्र" प्रदान किया है। आज भारत अपनी सनातन संस्कृति और विरासत के मूल्यों पर चलते हुए विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी का अर्थ यह नहीं कि हम दुनिया से अलग हो जाएं, बल्कि इसका मतलब यह है कि जो वस्तु हम अपने देश में बना सकते हैं, उसे विदेश से न मंगाएं और देशी उत्पादों को प्राथमिकता दें। मध्यप्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी के स्वदेशी विजन को मिशन बनाते हुए लोकल से वोकल की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मोतीलाल विज्ञान आदर्श महाविद्यालय प्रांगण में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित स्वदेशी मेले का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रभु श्रीराम की प्रतिमा का लोकार्पण किया और श्रीराम स्तुति की प्रस्तुति का आनंद लिया। मुख्यमंत्री का स्वागत अंगवस्त्र ओढ़ाकर और ब्रह्मोस मिसाइल की प्रतिकृति भेंट कर किया गया। उन्होंने मेले में लगे लघु उद्यमियों के स्टॉल्स का अवलोकन किया और स्वदेशी उत्पादों की जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में स्वदेशी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। महात्मा गांधी, स्वामी दयानंद सरस्वती, लाला लाजपत राय और बाल गंगाधर तिलक जैसे महापुरुषों ने विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार कर स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा कि बंगाल विभाजन के विरोध में प्रारंभ हुआ बंग-भंग आंदोलन स्वदेशी की ताकत का प्रतीक था, जिसने अंग्रेजों को झुकने पर मजबूर कर दिया। डॉ. यादव ने कहा कि आज जबकि कुछ देश अपने हित में टैरिफ की धमकियां दे रहे हैं, ऐसे समय में प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प अडिग है। भारत किसी के सामने नहीं झुकेगा। उन्होंने कहा कि "प्रधानमंत्री मोदी ने स्वदेशी ब्रह्मोस मिसाइल से यह सिद्ध कर दिया कि भारत अब आत्मनिर्भर और सक्षम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विश्व भारत में सबसे बड़ा बाजार देख रहा है। विदेशी उत्पादक अपनी कमाई के लिए भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जबकि भारत स्वदेशी के भाव से नई तकनीकों को अपनाकर खेती से लेकर उद्योग तक आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस मेले में उत्तर प्रदेश के भदोही के व्यापारी भी अपने कालीन बेचने आए हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि स्वदेशी के प्रति जन-आंदोलन का रूप ले चुका उत्साह पूरे देश में फैल रहा है।

# एयरपोर्ट पर खुलेगा महाकाल मंदिर का स्थायी काउंटर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** महाकालेश्वर मंदिर आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए एक नई सुविधा शुरू होने जा रही है। इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर महाकाल मंदिर प्रबंधन समिति का स्थायी काउंटर लगाया जाएगा। इस काउंटर पर श्रद्धालुओं को शीघ्र दर्शन टिकट, भस्म आरती पास, महाकाल लोक भ्रमण, निवास व्यवस्था और परिवहन संबंधी जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। एयरपोर्ट



प्रबंधन के अनुसार, हाल ही में हुई एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया है। दरअसल, इंदौर एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में ऐसे श्रद्धालु आते हैं, जो सीधे उज्जैन में महाकाल दर्शन के लिए जाते हैं। इन यात्रियों को अब मंदिर पहुंचने से पहले ही ऑन-द-स्पॉट टिकट और आवश्यक जानकारी मिल सकेगी। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि भीड़भाड़ में टिकट या पास के लिए लगने वाली परेशानी भी कम होगी। अधिकारियों के अनुसार, यह काउंटर आगामी दिनों में शुरू किया जाएगा। इसके लिए एयरपोर्ट प्रशासन, जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग के बीच समन्वय किया जा रहा है। काउंटर पर प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात रहेंगे, जो श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन, परिवहन की जानकारी और अन्य सहायता प्रदान करेंगे। महाकाल लोक के भव्य रूपांतरण के बाद से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। प्रतिदिन हजारों यात्री इंदौर के रास्ते उज्जैन पहुंचते हैं। एयरपोर्ट पर शुरू होने वाली यह नई सुविधा उनकी महाकाल दर्शन यात्रा को और अधिक सहज और सुलभ बनाएगी। इस बीच इंदौर से उज्जैन जाने वाले मार्ग को सिक्स लेन में परिवर्तित करने का कार्य भी जारी है। महाकाल मंदिर में रोजाना तड़के होने वाली भस्म आरती में आम श्रद्धालुओं के साथ-साथ फिल्म कलाकार, क्रिकेट खिलाड़ी और देश के कई उद्योगपति भी शामिल हो रहे हैं। मंदिर की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए एयरपोर्ट पर यह काउंटर श्रद्धालुओं और आगंतुकों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा। अधिकारियों का कहना है कि आगामी सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखते हुए यह सुविधा विशेष रूप से लाभदायक रहेगी।

# इंदौर में राष्ट्रगीत "वंदे मातरम" के 150वाँ स्मरणोत्सव धूमधाम से मनाया गया

## नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय के मुख्य आतिथ्य में कलेक्टर कार्यालय में हुआ मुख्य कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ स्मरणोत्सव आज इंदौर कलेक्टर कार्यालय में समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय थे। इस अवसर पर सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री रमेश मेंदोला, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री दिलीप कुमार यादव, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, डीसीपी श्री आनंद कलादगी, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पंवार, श्री रिंकेश वैश्य, श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।**





कार्यक्रम में सभी ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सस्वर गायन किया। इस अवसर पर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और प्रोत्साहित करने का संकल्प भी लिया गया। साथ ही उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दिल्ली में दिए गए उद्बोधन को लाइव देखा। कार्यक्रम में बीएसएफ बैंड तथा कलापथक दल द्वारा राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति के भाव से ओतप्रोत हो उठा।

बताया गया कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगाँठ को देशभर में आगामी 1 वर्ष तक मनाया जाएगा। सरकार ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगाँठ को 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक समारोहपूर्वक मनाने का निर्णय लिया है। 'वंदे मातरम्' के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को देखते हुए वर्षभर विविध गतिविधियाँ 4 चरणों में आयोजित होंगी। प्रथम चरण 7 से 14 नवम्बर तक मनाया जाएगा। द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026 (गणतंत्र दिवस), तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ) तथा चतुर्थ चरण 1 से 7 नवम्बर 2026 तक आयोजित होगा।

# सतारा में कुश्ती के दांवपेंच दिखाएंगी इंदौर की बेटियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** महाराष्ट्र के सतारा में होने जा रही हिंद केसरी कुश्ती प्रतियोगिता में इंदौर की निधिका पाल उर्फ कुकी मिस्त्री और संजना राठौर का चयन हुआ है। दोनों छात्राएं ताराचंद दादा बालिका रेसलिंग सेंटर की हैं। इसके लिए सागर में चयन प्रक्रिया की गई थी।

पहलवान रमेश मिस्त्री ने कहा कि इस बार छात्राएं इंदौर को ज्यादा से ज्यादा पदक दिलवाएंगी। उनकी तैयारियां लंबे समय से चल रही है। वे अखाड़े में रोजाना 4 से 5 घंटे का समय दे रही है। यहां 5 से 20 साल तक की छात्राओं को कुश्ती की तकनीक के बारे में ट्रेनिंग दी गई है। मिस्त्री ने बताया कि महाराष्ट्र के सतारा में 20 से 23 नवंबर तक भारतीय शैली में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें महिलाओं के लिए 48 किलो वजन कम से कम रखा गया है।



## ई-दक्ष केंद्र में दो दिवसीय आरटीआई प्रशिक्षण संपन्न

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन एवं आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासनिक अकादमी, भोपाल के सौजन्य से जिला इंदौर के ई-दक्ष केंद्र में ''Training of SPIOs / FAAs / Other Officers on RTI Act'' विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण 6 से 7 नवम्बर 2025 तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विभागों के लोक सूचना अधिकारी (SPIOs), सहायक लोक सूचना अधिकारी (FAAs) एवं अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान सूचना का अधिकार अधिनियम (RTI Act) के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा आरटीआई ऑनलाइन पोर्टल के संचालन संबंधी सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर श्री मुनेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा प्रशिक्षण सत्र संचालित किया गया। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों द्वारा प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया एवं अपने अनुभव साझा किए गए।

## कटाक्ष




© www.detectivegroupreport.com

## केमिस्ट्री लैब में हुई घटना पर जिला प्रशासन के अमले ने मौका स्थल पहुंच कर लिया स्थिति का जायजा, सभी विद्यार्थी सुरक्षित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के झलारिया स्थित शिशु कुंज इन्टरनेशनल स्कूल की केमिस्ट्री लैब में आज हुई एक घटना में सभी बच्चे और शिक्षक सुरक्षित हैं तथा किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर जिला प्रशासन का अमला मौके पर पहुंचा। प्रशासनिक दल ने स्थिति का जायजा लिया।**

एसडीएम श्री ओम नारायण बड़कुल ने बताया कि स्थिति अब पूरी तरह से सामान्य है। सभी बच्चे और शिक्षक सुरक्षित हैं तथा किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। बताया गया कि लैब में शिक्षक और कक्षा 7 के विद्यार्थी प्रेक्टिकल कर रहे थे, शिक्षकों एवं बच्चों पर प्रयोग सामग्री के छिंटे आने से जलन सी महसूस हुई। जिन्हें तुरंत प्राथमिक उपचार दिया गया। सूचना मिलते ही कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। जिसमें एसडीएम श्री ओमनारायण बड़कुल, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट संगीता गोलिया, फायर सेफ्टी आफिसर श्री विनोद मिश्रा, राजस्व निरीक्षक श्रीराम राठौड़, पटवारी श्री मनोज पटेल आदि द्वारा मौका जाँच कर निरीक्षण किया गया। शिशुकुंज स्कूल के प्रबंधन की ओर से श्री महेन्द्र ठाकुर द्वारा घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि विद्यार्थी व शिक्षक सुरक्षित हैं।



# बाल श्रम के विरुद्ध कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बाल एवं कुमार श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 के अंतर्गत गठित टास्क फोर्स की बैठक में दिए गए निर्देशानुसार आज श्रम विभाग के संयुक्त दल द्वारा बाल श्रम मुक्ति की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान संस्थान आईएनएस गैलेक्सी सोलुशन मोतीतबेला मिल्लत नगर इंदौर में एक किशोर श्रमिक कार्यरत पाया गया। संस्थान के नियोजक मोहम्मद इमरान असगर अंसारी के विरुद्ध अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गयी। क्षेत्र के सभी व्यापारियों को अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी गयी एवं बाल श्रम नियोजित नहीं करने की सलाह दी गई। विदित हो कि अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत 14 वर्ष तक के बाल श्रमिकों का खतरनाक एवं गैर खतरनाक सभी प्रकार के नियोजनों में नियोजन पूर्णतः प्रतिबंधित है। धारा 3 ए के अंतर्गत 14 से 18 वर्ष के कुमार श्रमिकों का खतरनाक उद्योगों में नियोजन प्रतिबंधित है।



# कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र यादव को मुंह काला करने और जान से मारने की धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर कांग्रेस के भीतर चल रहा विवाद अब खुले टकराव में बदल गया है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के समर्थक लोकेश हार्डिया ने पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र यादव को सार्वजनिक रूप से मुंह काला करने और जान से मारने की धमकी दी है। इसके बाद देवेंद्र यादव ने पंढरीनाथ थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है और सुरक्षा की मांग की है।**

हाल ही में सोशल मीडिया पर इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और पूर्व अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा के बीच की बातचीत का कथित ऑडियो वायरल हुआ था। इस ऑडियो में चौकसे पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के खिलाफ अमर्यादित भाषा का उपयोग करने के आरोप हैं। ऑडियो वायरल होने के बाद देवेंद्र यादव ने इस मामले में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों से जांच की मांग की थी। यादव का आरोप है कि इसी से नाराज होकर चौकसे और उनके समर्थक धमकियों पर उतार आए हैं। वायरल वीडियो में चौकसे समर्थक लोकेश हार्डिया ने यादव को सीधी धमकी देते हुए कहा कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को गांधी भवन में गुलाब जामुन खिलाने वाले देवेंद्र कांग्रेस को ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी के संगठन सृजन में निकलने वाला अमृत चिंटू चौकसे हैं और जो विष निकला वह तुम (देवेंद्र) हो, तुम बीजेपी के एजेंट हो, जो कांग्रेस को लेकर अंदरुनी बातों को उन तक पहुंचाते हो। कांग्रेस के नाम पर चंदाखोरी करते हो। कुत्तों को घी हजम नहीं होता है और जो घी है वह चिंटू है। तुम जैसे लोगों का भविष्य में मुंह काला भी करना पड़ा तो करने से पीछे नहीं हटेंगे। कांग्रेस नेता केके मिश्रा ने कहा कि यह मामला गंभीर है और इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अभी समय है जब पार्टी को वैचारिक और मैदानी लड़ाई लड़नी है, ऐसे विवाद नुकसानदेह हैं। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने व्यंग्य करते हुए कहा कि मुझे इसमें कोई आश्चर्य नहीं है यह तो संस्कार की बात है। कांग्रेस में अपने नेताओं को गालियां देना पुरानी परंपरा है। इसमें कोई खास बात नहीं है। वहीं इंदौर बीजेपी नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा भी कांग्रेस पर तंज कस चुके हैं। खासकर हरीश चौधरी द्वारा बीजेपी के स्लीपर सेल को लेकर। यहां तक सलाह दी है कि दिग्विजय सिंह को जनसुनवाई में शिकायत करना चाहिए। बीजेपी की सरकार वह इस ऑडियो की पूरी जांच कर सत्यता सामने ला देगी।

● वृत महू अ आबकारी इन्दौर की अवैध मदिरा के विरूद्ध कार्यवाही

# लगभग 1 लाख 6 हजार रुपए मूल्य की मदिरा एवं महुआ लाहन जब्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा ग्राम गाजिन्दा में आयोजित रात्रि चौपाल में दिए गए आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल, सहायक जिला आबकारी अधिकारी वृत महू अ के श्री गणपत सिंह धुध, श्री पवन टीकेकर के नेतृत्व में शुक्रवार को आबकारी उप निरीक्षक कृतिका द्विवेदी की टीम ने वृत्त क्षेत्र ग्राम गाजिन्दा सैंडल मेडल बाई ग्राम में अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई।

कार्यवाही में कुल 10 प्रकरण दर्ज किए गये। जिसमें 04 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। 30 लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा जप्त की गई तथा 1100 किलो महुआ लाहन मौके पर नष्ट किया गया, जिसका कुल बाजार मूल्य लगभग 1 लाख 6 हजार रुपए है। कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक जयेश वास्केल, आरक्षक हुकुम सिंह पवार, कमलेश निहोरे, हेमा और विवेक का सराहनीय योगदान रहा।

## डिप्रेशन के चलते की आत्महत्या...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** आजाद नगर में रहने वाले एक व्यक्ति ने डिप्रेशन के चलते आत्महत्या कर ली। वह पिछले दो माह से काम नहीं कर पा रहा था। बाइक से गिरने के कारण उसके हाथ में दर्द भी था। गुरुवार को जब उसकी पत्नी काम पर गई हुई थी, तो बेटे ने पिता को फंदे पर लटका देखा। इसके बाद उसने आसपास के लोगों को सूचना दी। आजाद नगर पुलिस ने रामदीन (35), पुत्र शिवराम मालवीय, निवासी मूसाखेडी की मौत के मामले में मर्ग कायम किया है। रामदीन की बहन दुर्गा ने बताया कि वह फेरी का काम करते थे और पिछले दो माह से काम नहीं कर पा रहे थे। उन्हें चलने-फिरने और हाथ में परेशानी हो रही थी। गुरुवार को रामदीन घर पर थे। पत्नी मंजू फैक्ट्री में काम पर गई हुई थी। इसी दौरान उन्होंने फंदा लगा लिया। उनका बेटा खेलते समय जब घर आया, तो उसने पिता को फंदे पर लटका देखा। परिवार के लोगों ने बताया कि रामदीन का परिवार मूल रूप से खंडवा के पास सुखवीखाल का रहने वाला है। रामदीन कुछ साल पहले काम की तलाश में इंदौर आ गए थे। उनके परिवार में एक भाई और दो बहनें हैं। माता-पिता छोटी-मोटी खेती-किसानी से जुड़े हैं। परिवार के अनुसार, काम नहीं कर पाने के कारण ही रामदीन तनाव में थे। परिवार में एक बेटी और एक बेटा है।

# लव मैरिज कर रही दुल्हन ने शादी से ही इनकार कर बारात को लौटाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एक शादी में वरमाला के समय जोरदार हंगामा हो गया। हंगामा इतना बढ़ा कि लव मैरिज कर रही दुल्हन ने शादी से ही इनकार कर बारात को लौटा दिया। मामला थाने तक पहुंचा और दुल्हन ने दूल्हे की मां पर केस दर्ज करवा दिया। हालांकि एफआईआर में दहेज मांगने का जिक्र किया है। मामला एमजी रोड थाने की नंदलाल पुरा स्थित कोष्टी समाज की धर्मशाला का है।**

बाबू घनश्याम नगर निवासी एक युवती का विवाह 14 जुलाई को गौरव नामक युवक से सगाई हुई थी। बुधवार रात गौरव बारात लेकर आया था। तभी शादी में फोटोग्राफी कर रहे फोटोग्राफर ने दुल्हन के पास खड़े होकर पानी पी लिया। गौरव को यह बात नागवार गुजरी और फोटोग्राफर को थप्पड़ जड़ दिया। अचानक हुए इस घटनाक्रम को देख दुल्हन हैरान रह गई और छोटी बात पर फोटोग्राफर को पीटने का विरोध किया। भड़के गौरव दुल्हन के साथ भी अभद्रता करने लगा। दुल्हन ने दूल्हे को स्टेज से नीचे उतार दिया और फेरों से इनकार कर दिया। दुल्हन ने कहा शादी के पहले ही होने वाला पति उस पर हाथ उठा सकता है तो शादी के बाद मुझे क्या संभालेगा। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को काफी समझाने के बाद भी विवाद नहीं सुलझा। इस बीच दुल्हन देर रात ही एमजी रोड थाने पहुंचकर दूल्हे गौरव और उसकी मां तरुणा पर प्रकरण दर्ज करवा दिया। दूल्हे गौरव और उसकी मांच तरुणा पर दुल्हन की मां ने दहेज मांगने की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कराई। शिकायत में कहा कि बेटी की सगाई 14 जुलाई को हुई थी और उस वक्त सोने की अंगूठी व 51 हजार रुपए दिए थे। स्टेज पर पहुंचने के बाद उनसे सोने की रकम की अनुचित मांग की गई। टीआई विजय सिसोदिया के मुताबिक दोनों का प्रेम विवाह हो रहा था। करीब दो साल तक प्रेम प्रसंग चला और बाद में दोनों ने शादी करने के निर्णय लिया।

## पूर्व परिचित ने कमरे पर आकर की छेड़छाड़

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में एक युवती से छेड़छाड़ और मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी कृष्ण प्रताप सिंह उर्फ अभिषेक चौहान के खिलाफ गुरुवार रात छेड़छाड़ और मारपीट की धाराओं में एफआईआर की गई। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 25 वर्षीय युवती विजयनगर क्षेत्र में किराए से रहती है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी रात करीब साढ़े नौ बजे उसके कमरे के बाहर आया और उसे आवाज देकर बुलाया। इस दौरान उसने अभद्र हरकतें कीं और छेड़छाड़ करने लगा। जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने थप्पड़ मारे। इसके बाद युवती रात में ही थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। उसने पुलिस को बताया कि वह आरोपी को करीब 6 माह से जानती है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता और आरोपी की पहचान एक फाइनेंस कंपनी में नौकरी के दौरान हुई थी। युवती ने वहां करीब 15 दिन ही काम किया, जिसके बाद उसने नौकरी छोड़ दी। इसी दौरान अभिषेक उससे दूसरी नौकरी दिलाने के नाम पर संपर्क में बना रहा। युवती का कहना है कि आरोपी ने उससे कुछ रुपए उधार लिए थे, जो बाद में लौटा दिए। इन्हीं पैसों की बात करने के बहाने वह उसके कमरे पर पहुंचा था।

# रतलाम से रेस्क्यू पैंगोलिन अब रालामंडल अभयारण्य में सुरक्षित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर में 15 दिन पहले रतलाम से एक पैंगोलिन को रेस्क्यू कर लाया गया था। यह दुर्लभ प्रजाति का जीव फिलहाल रालामंडल अभयारण्य में सुरक्षित रखा गया है। तस्करी की आशंका के चलते इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। वनकर्मी रोजाना एक-दो बार गश्त कर इसकी गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं।



पैंगोलिन जिस स्थान पर रखा गया है, वहां पर्यटकों का जाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। जानकारी के अनुसार, चिड़ियाघर में भी फिलहाल पैंगोलिन मौजूद नहीं है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, चीन और वियतनाम में दवाइयां बनाने के लिए दुर्लभ प्रजाति वाले पैंगोलिन की बड़े पैमाने पर अवैध तस्करी की जाती है। इसी कारण इंदौर में इसे सुरक्षित रखकर विशेष निगरानी में रखा गया है। किसी भी पर्यटक को उस स्थान पर जाने की अनुमति नहीं है जहाँ इसे छोड़ा गया है। विभाग ने बताया कि रतलाम की एक कॉलोनी में यह पैंगोलिन घूमता हुआ मिला था। स्थानीय लोगों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा के बाद इसे रालामंडल अभयारण्य में छोड़ने का निर्णय लिया गया। 23 अक्टूबर को वनकर्मी रतलाम से पैंगोलिन को लेकर इंदौर पहुंचे। इंदौर वनमंडल के अधिकारियों ने 234 हेक्टेयर में फैले अभयारण्य के सुरक्षित क्षेत्र में इसे छोड़ा है। अभयारण्य में पर्याप्त पानी और चीटियों की उपलब्धता होने के कारण इसके भोजन के लिए अलग से व्यवस्था की आवश्यकता नहीं है। रेंजर योगेश यादव ने बताया कि गश्त के दौरान स्टाफ पैंगोलिन की गतिविधियों पर नजर रखे हुए है। उसे ऐसे क्षेत्र में छोड़ा गया है जहाँ नमी और उसका पसंदीदा भोजन चीटियां दोनों आसानी से मिल सकें। नवंबर 2015 में इंदौर-देवास बायपास के पास पैंगोलिन देखा गया था। सूचना पर वन विभाग ने इसे वाटर पार्क रोड से रेस्क्यू किया। तत्कालीन अधिकारियों ने चार घंटे तक चली बैठक में इसे रखने के विकल्पों पर चर्चा की। उस समय भोजन की व्यवस्था न होने के कारण पैंगोलिन को वन विहार भोपाल भेजा गया था।

## झूठा हलफनामा पेश करने के मामले में कड़ी फटकार लगाई

**इंदौर।** एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल और चंदन नगर थाना प्रभारी इंद्रमणि पटेल को सुप्रीम कोर्ट ने झूठा हलफनामा पेश करने के मामले में कड़ी फटकार लगाई है। पुलिस अधिकारियों ने आरोपी अनवर हुसैन की जमानत का विरोध करते हुए अदालत में हलफनामा जमा किया था, जिसमें दावा किया गया था कि अनवर पर कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। मामले की सुनवाई 4 नवंबर को हुई थी। डबल बेंच जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने जब रिकॉर्ड की जांच करवाई तो पता चला कि हलफनामे में बताए गए आठ में से चार मामलों में आरोपी अनवर का नाम ही नहीं था। इनमें IPC की धारा 376 (बलात्कार) वाला केस भी शामिल बताया गया था। जबकि जांच से स्पष्ट हुआ कि यह केस 2023 में अनवर नहीं, बल्कि करण पवार नामक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज है और वह मामला भी बलात्कार नहीं, बल्कि अवैध हथियार रखने (आर्म्स एक्ट) से संबंधित है। बेंच ने इसे तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर अदालत को गुमराह करने की कोशिश माना। न सिर्फ दोनों अफसरों को, बल्कि हलफनामा तैयार करने और जानकारी जुटाने में शामिल सभी पुलिसकर्मियों को शोकॉज नोटिस जारी किए गए हैं।

# मेडिकल जा रहा कर्मचारी अचानक बाइक से गिरा, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। दवा बाजार स्थित एक मेडिकल स्टोर में काम करने वाले कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जाता है कि वे मेडिकल की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते में अचानक गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने यह देखकर मेडिकल स्टाफ को सूचना दी। वहां मौजूद कर्मचारी और अन्य लोग तुरंत पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने धर्मेंद्र को मृत घोषित कर दिया। बाद में शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया।**



संयोगितागंज पुलिस के अनुसार, मृतक धर्मेंद्र (32) पुत्र प्रकाश कुमायु, निवासी लोहा मंडी, गुरुवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए। पुलिस के मुताबिक, वे बाइक से अपने मेडिकल की ओर जा रहे थे, तभी कुछ दूरी पर अचानक गिर गए। उसी समय एक मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) वहां से गुजर रहा था, जो धर्मेंद्र को जानता था। उसने तुरंत हीरा मेडिकल शॉप पर जाकर जानकारी दी। धर्मेंद्र पिछले तीन साल से दवा बाजार स्थित हीरा मेडिकल पर काम कर रहे थे। परिजनों के मुताबिक, धर्मेंद्र के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं, जो लोहा मंडी में ही रहते हैं। उनके माता-पिता और भाई तेजाजी नगर इलाके में रहते हैं। शाम को डॉक्टरों से चर्चा के बाद दवा बाजार एसोसिएशन ने पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी कराई और शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने धर्मेंद्र की मौत के कारण का पता लगाने के लिए पोस्टमॉर्टम कराया और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फुटेज में धर्मेंद्र स्वयं गिरते हुए दिखाई दिए। शुरुआती तौर पर यह मामला हार्ट अटैक का प्रतीत हो रहा है, जिसकी जांच की जा रही है।

● लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा और वन विभाग के 877 अधिकारी-कर्मचारियों को प्रदान किए नियुक्ति एवं पदस्थापना आदेश

# प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने का वादा निभा रही है सरकार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिये हमारी सरकार प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रही है। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा और वन विभाग के 877 पदों के लिए चयनित अधिकारी-कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्दान कर हम अपना वादा पूरा करने की तरफ एक कदम और बढ़ा रहे हैं। यह नियुक्तियां विकसित मध्यप्रदेश के हमारे सामूहिक संकल्प का एक पड़ाव है। हमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश की नींव मजबूत करनी है।**

वन, जहां बेहतर पर्यावरण का आधार है, वहीं स्वास्थ्य विभाग जनसामान्य के जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा करता है। वन विभाग और लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की सेवा में आज प्रवेश ले रहे अधिकारी-कर्मचारी मजबूत,



सुरक्षित, समृद्ध और स्वस्थ मध्यप्रदेश के निर्माण में पूरी प्रतिबद्धता से अपना योगदान देंगे, हम ऐसी अपेक्षा करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में वन एवं स्वास्थ्य विभाग के नियुक्ति एवं पदस्थापना आदेश वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल भी उपस्थित थे।

### जनता का विश्वास शासकीय सेवक की सबसे बड़ी पूंजी है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम कहते थे कि 'सपना वो नहीं, जो आप सोते हुए देखते हैं, सपना वो है, जो आपको सोने नहीं देता।' शासकीय सेवा में प्रवेश एक उपलब्धि के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। जनता का विश्वास शासकीय सेवक की सबसे बड़ी पूंजी है। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं को त्वरित, विश्वसनीय और अधिक प्रभावी बनाने में नए अधिकारी-कर्मचारियों का भी सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि वन विभाग वनों के संरक्षण, संवर्धन, पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। आशा है नए वन संरक्षक और अधिकारी, जंगलों की सुरक्षा, वन जीवों की देखभाल के साथ-साथ पर्यावरण और स्थानीय समुदायों की आजीविका के क्षेत्र में प्रभावी कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतीक स्वरूप सुश्री मनीषा मुकाती, श्री रवि यादव, श्री सोमेश शर्मा, श्री नीरज अंब को वन क्षेत्रपाल के नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इसी प्रकार श्री चंद्रपाल सिंह तोमर, कुमारी हिमांगिनी राहंगडाले और सश्री अंजना परते को वन रक्षक के नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत डॉ. नेहानंदन चौरसिया, डॉ. राम आशीष शुक्ला, डॉ. मंजूलता आर्य, डॉ. जितेन्द्र कैथवाल, डॉ. भूमा भावना और डॉ. नितिन कुमार को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। उल्लेखनीय है कि वन विभाग द्वारा नवनियुक्त 76 वन क्षेत्रपाल और 467 वनरक्षकों को आज नियुक्ति पत्र जारी किए गए। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में नवनियुक्त 75 एनेस्थेसिया विशेषज्ञों, 62 सर्जन, 106 शिशु रोग विशेषज्ञ ओर 91 नर्सिंग ऑफिसर्स को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

# ओलंपिक खिलाड़ी सीमा पुनिया ने किए महाकाल दर्शन

## नंदी हॉल में लगाया ध्यान, मंदिर समिति ने किया सम्मान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में शुक्रवार को प्रसिद्ध डिस्क थ्रोअर और ओलंपिक खिलाड़ी सीमा पुनिया ने अपने परिवार के साथ भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन किए। उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर भगवान के दर्शन कर ध्यान लगाया। दर्शन के उपरांत, श्री महाकालेश्वर मंदिर समिति की ओर से सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने ओलंपिक खिलाड़ी पुनिया का सम्मान किया। उन्हें भगवान का प्रसाद और दुपट्टा भेंट किया गया।

## गौरव गाथाओं का होगा भव्य प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती वर्ष में जनजाति गौरव दिवस 15 नवंबर को मध्यप्रदेश में जनजातीय समुदाय की उल्लेखनीय उपलब्धियों एवं गौरव गाथाओं को भव्य रूप में प्रदर्शित किया जाएगा। देश की स्वतंत्रता में योगदान देने वाले जनजातीय महानायकों के योगदान और उनके संघर्षपूर्ण जीवन का स्मरण किया जाएगा। जनजाति बहुल जिलों में पारंपरिक वेशभूषा, वाद्य यंत्रों से सज्जित नृत्य समूहों की रैलियां आयोजित की जाएंगी। प्रदेश की जनजातीय संस्कृति का गरिमापूर्ण प्रदर्शन होगा।

उज्जैन तकिया मस्जिद मामला

# सुप्रीम कोर्ट में भी अपील खारिज



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। करीब 10 माह पहले महाकाल मंदिर विस्तारीकरण की जद में आ रही तकिया मस्जिद को तोड़ने के मामले में याचिकाकर्ताओं की मस्जिद को दोबारा बनवाने की अपील को सुप्रीम कोर्ट ने भी खारिज कर दिया है। कोर्ट ने फैसला प्रशासन के हक में सुनाया है। अब यहां कई दिनों से बंद पड़ा काम शुरू होने के उम्मीद है।**

उज्जैन में 11 जनवरी 2025 को जिला प्रशासन ने महाकाल मंदिर के शक्ति पथ के पास बनी पार्किंग से लगी जमींन को खाली करवाने को लेकर जमीन पर मौजूद 257 मकानों और तकिया मस्जिद को ध्वस्त कर दिया था। मुस्लिम पक्ष का कहना था कि 200 वर्ष पुरानी मस्जिद वक्फ की संपत्ति है, जबकि प्रशासन ने अवैध निर्माण बताकर मकानों और मस्जिद को तोड़ दिया था। तकिया मस्जिद को गिराए जाने के मामले में मस्जिद में नमाज अदा करने वाले तेरह नमाजियों की ओर से इंदौर हाईकोर्ट के सिंगल और फिर डबल बेंच में चुनौती देते हुए जमीन को वक्फ की जमीन बताते हुए मस्जिद को तोड़ने की प्रक्रिया को गलत बताया था। लेकिन यहां पर पक्षकारों की हार हो गई कोर्ट ने प्रशासन के पक्ष में फैसला सुनाया था।

# पचमढ़ी से भी ठंडा भोपाल, इंदौर में भी रिकॉर्ड तोड़ ठंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** पहाड़ी राज्यों में लगातार हो रही बर्फबारी का असर अब मध्य प्रदेश में भी दिखाई देने लगा है। रात प्रदेश के ज्यादातर शहरों में तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई।

सबसे ठंडा शहर राजगढ़ रहा, जहां पारा एक ही रात में दो डिग्री



गिरकर 9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इंदौर में भी मौसम ने रिकॉर्ड तोड़ ठंड दिखाई। मौसम विभाग के अनुसार, बीती रात शहर का न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह पिछले 10 वर्षों में नवंबर माह का सबसे कम तापमान है। साल 2017, 2020 और 2022 में पारा 11 डिग्री तक जरूर पहुंचा था, लेकिन इतना नीचे नहीं गया था। भोपाल में भी ठंड ने अपने तेवर दिखाए। राजधानी में तापमान 2 डिग्री तक गिरा और रात में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, बीते 10 साल में नवंबर में यह स्थिति केवल पांच बार देखने को मिली है, जबकि पचमढ़ी में रात का तापमान 17.4 डिग्री दर्ज किया गया।

## पूर्व विधायक लाहलिंग देवदा की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, एजेंसी।** सैलाना के पूर्व कांग्रेस विधायक लाहलिंग देवदा (70) की बाइक की टक्कर के बाद इलाज के दौरान शुक्रवार शाम मौत हो गई। टक्कर से घायल होने के बाद परिजन पहले रतलाम आए थे।



यहां प्राथमिक उपचार के बाद गुरुवार रात गुजरात के वड़ोदरा लेकर गए थे। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। लाहलिंद देवदा मूलतः बाजना के छावनीभाभर गांव के रहने वाले थे। बुधवार शाम 6.30 बजे वह अपने घर के बाहर टहल रहे थे। इसी दौरान पीछे से एक बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। बाइक पर दो लोग सवार थे। टक्कर से गंभीर घायल होने पर परिजन पहले रतलाम प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर आए। इसके बाद गुरुवार रात वड़ोदरा लेकर गए थे। जहां शुक्रवार शाम को उनका निधन हो गया।

# विधायक निर्मला सप्रे मुश्किलों में फंसीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी।** सागर जिले के बीना विधानसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीती विधायक निर्मला सप्रे के मामले में हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, प्रदेश सरकार और निर्मला सप्रे को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की याचिका पर सुनवाई की। विधानसभा स्पीकर से पूछा



कि इस मामले में क्या कार्रवाई की गई? मामले की अगली सुनवाई 18 नवंबर को होगी।

विधानसभा अध्यक्ष के वकील ने तर्क दिया कि इस मामले की सुनवाई डिवीजन बेंच में नहीं हो सकती। इस तर्क को खारिज करते हुए कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष को नोटिस जारी कर पूछा है कि निर्मला को दलबदल मामले में अयोग्य घोषित करने वाली याचिका पर 90 दिन में निर्णय करना चाहिए था, लेकिन 16 महीनों में निर्णय क्यों नहीं किया? कोर्ट ने 18 नवंबर तक विधानसभा अध्यक्ष, निर्मला सप्रे और एमपी सरकार से जवाब मांगा है।

## पेंच टाइगर रिजर्व के अस्वस्थ नर बाघ का वन विहार में हुआ उपचार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी से 4 नवम्बर को अवयस्क अस्वस्थ बाघ को उपचार के लिये लाया गया था, जिसे वन विहार स्थित रेस्क्यू सेंटर में रखा गया है। संचालक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान ने बताया कि बाघ को शुक्रवार को वन विहार चिकित्सालय में बेहोश कर वन्य-प्राणी स्वास्थ्य अधिकारी वन विहार डॉ. अतुल गुप्ता, वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन ट्रस्ट डॉ. प्रशांत देशमुख, वरिष्ठ पशु चिकित्सक राज्य पशु चिकित्सालय भोपाल डॉ. एस.के. तुमड़िया, वाइल्ड लाइफ एसओएस वन विहार डॉ. विनीत पाल और वन्य-प्राणी चिकित्सक सहायक वन



विहार डॉ. हमजा द्वारा संयुक्त रूप से बाघ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में पाया गया कि बाघ रेक्टल प्रोलेप्स से ग्रसित है। इसे सतत निगरानी में रखकर उपचार किया जा रहा है।

## संपादकीय

# बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का प्रयास

राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति (SC-NBWL) ने लद्दाख में रक्षा मंत्रालय के 12 अहम प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दे दी है। यह फैसला चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (PLA) की बढ़ती आक्रामकता के मद्देनजर जरूरी है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता वाली इस समिति ने चांगथांग कोल्ड डेजर्ट सेंचुरी और काराकोरम वाइल्डलाइफ सेंचुरी जैसे संवेदनशील इलाकों में इन प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी दिखाई है। इनमें तारा में एक ट्रेनिंग नोड, लेह में एक आर्टिलरी बैटरी, दो फॉर्मेशन एम्युनिशन स्टोरेज फैसिलिटीज (FASF), चुशुल में एक ब्रिगेड मुख्यालय और काजी लंगर के पास इंडो-तिब्बतन बॉर्डर आउटपोस्ट शामिल हैं। इसके अलावा, लेह में एक आर्मी कैंप और अरुणाचल प्रदेश के ईगलनेस्ट वाइल्डलाइफ सेंचुरी में बालीपारा-चारदुआर-तवांग रोड पर 158 मीटर लंबे पिनजोली पुल के निर्माण को भी मंजूरी मिली है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि तारा में ट्रेनिंग नोड की स्थापना इसलिए जरूरी है क्योंकि काउंटर इंसर्जेंसी फोर्स की जिम्मेदारी प्योंगयांग त्सो से माउंट ग्या तक फैली हुई है। फॉर्मेशन हेडक्वार्टर दूसरे चरण में हैं और ज्यादातर यूनिट्स 15,000 फीट से ऊपर की ऊंचाई पर तैनात हैं। मंत्रालय ने कहा, 'क्षेत्र में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (PLA) की बढ़ती आक्रामकता के मद्देनजर भारत को हाई लेवल तैयारी की आवश्यकता है।' उन्होंने आगे कहा, 'इस संदर्भ में, सुपर हाई एल्टीट्यूड एरिया (लगभग 15,000 फीट की ऊंचाई) में इनडोर और आउटडोर सुविधाओं सहित समर्पित प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे की उपलब्धता, सैनिकों के लिए नियमित और प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करने के लिए आवश्यक है, जबकि उनके परिचालन उपस्थिति को बनाए रखना भी जरूरी है।' यह प्रस्तावित प्रशिक्षण स्थल तारा बटालियन के बगल में स्थित है और चोशुल सब-सेक्टर का हिस्सा है। यह मंजूरी 2020 में गलवान घाटी में चीन के साथ हुई झड़प के बाद एलएसी (Line of Actual Control) के पास बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के प्रयासों का हिस्सा है। उस झड़प में 20 भारतीय जवान शहीद हुए थे। मंत्रालय ने यह भी नोट किया कि भले ही उप वन संरक्षक और मुख्य वन्यजीव वार्डन ने ट्रेनिंग नोड के प्रस्ताव की सिफारिश की थी, लेकिन उनकी शर्तें सामान्य थीं और कोई विशेष वन्यजीव शमन योजना नहीं दी गई थी। चांगथांग सेंचुरी और काराकोरम सेंचुरी में दो FASF के लिए क्रमशः 24.2 हेक्टेयर और 47.1 हेक्टेयर सेंचुरी भूमि की आवश्यकता होगी। चांगथांग वाइल्डलाइफ सेंचुरी तिब्बती भेड़िया, जंगली याक, भारल (नीली भेड़), जंगली कुत्ता, हिम तेंदुआ, भूरा भालू और मार्मोट जैसे जानवरों का घर है। एक और महत्वपूर्ण प्रस्ताव जिसे मंजूरी मिली है, वह है चांगथंग सेंचुरी के 40 हेक्टेयर भूमि का उपयोग चुशूल में एक ब्रिगेड मुख्यालय की स्थापना के लिए। मंत्रालय ने कहा, 'चूंकि मुख्यालय 142 इन्फैंट्री ब्रिगेड के अधीन इकाइयां पहले से ही एलएसी के साथ तैनात हैं, इसलिए ब्रिगेड मुख्यालय के लिए एलएसी के करीब तैनात होना बेहतर कमांड और नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण है।

# भूतनी का घर



बहादुरगढ़ नाम के शहर में एक बेहद पुराना घर था। उस घर को सब लोग भूतिया और अपशकुनी कहते थे, क्योंकि जो भी वहां रहने आता उनकी किसी न किसी कारण से मृत्यु हो जाती। इसलिए वो घर खरीदने के लिए कोई भी तैयार नहीं होता था।

एक बार विजय नाम के शख्स ने उस घर को बहुत ही सस्ते दाम में खरीद लेता है और अपने बेटे मोनू के साथ सारा सामान लेकर वहां रहने आ जाता है। घर में शिफ्ट होने के 1-2 दिन में ही विजय को अपने आसपास अजीबो-गरीब घटनाएं घटित होने का एहसास होने लगा। पहले तो वह इसे नजरअंदाज करता रहा, लेकिन जब उसे घर में किसी की मौजूदगी का एहसास होने लगा तो वह सतर्क हो गया।

एक दिन मोनू दौड़ता हुआ विजय के पास आया और कहने लगा कि वॉशरूम में पानी अचानक बंद हो गया और उसने वहां सफेद कपड़े में एक औरत को देखा। इतना कहते-कहते मोनू अचानक चुप हो गया और विजय की ओर उंगली दिखाते हुए कहने लगा, "पापा, वो औरत आपके पीछे खड़ी है।" इतना कहकर मोनू ने डर से चीखने लगा। विजय मोनू को गोद में उठा कर उसी वक्त घर से बाहर निकल गया।

मोनू बहुत सहम गया था तो उसका डर भगाने के लिए विजय ने उसके लिए एक कुत्ता खरीदा और उसे साथ लेकर तीनों घर वापस आ गए। एक रात बहुत तेज बरसात में जब अचानक घर की बिजली चली गई। विजय ने घर से झांक कर देखा तो आसपास के सभी घरों में बिजली थी सिवाय उनके घर के तो उसे लगा की जरूर पावर सप्लाई में कुछ गड़बड़ी हुई होगी।

इतने में विजय को मोनू के जोर से चिल्लाने की आवाज आती है। विजय दौड़ता हुआ टॉर्च लेकर उसके पास जाता है। मोनू को दोबारा से घर में वह औरत दिखाई देती है। मोनू को सहमा देखकर विजय उसे अपने साथ बिजली ठीक करने के लिए पावर हाउस ले जाता है। उनका कुत्ता भी यहां-वहां देखते हुए जोर-जोर से भौंकने लगता है। विजय को आभास होता है कि कोई उनके पीछे-पीछे आ रहा है।

पावर हाउस का दरवाजा खोलते ही विजय को सामने एक लाश दिखाई देती है। लाश देखकर मोनू भी डर के मारे चिल्लाने लगता है। विजय अपने बेटे को लेकर तुरंत दरवाजा खोलकर घर से बाहर भागने की कोशिश करने लगता है। घर से बाहर निकलते हुए अचानक विजय का पांव दरवाजे के पास बनी लकड़ियों की सीढ़ियों में फंस जाता और बहुत कोशिश करने पर भी वह पांव बाहर नहीं निकाल पाता।

मोनू अपने पापा को बाहर खींचने की कोशिश करता है, लेकिन काफी प्रयास करने पर भी वह विजय को बाहर नहीं निकाल पाता। कोई उपाय न सुझने पर मोनू अपने कुत्ते को लेकर वापस घर के अंदर चला जाता है और दरवाजा खुद ब खुद बंद हो जाता है।


वहां विजय भी करीब 15 मिनट तक मशक्कत करने के बाद अपना पांव बाहर निकालने में सफल हो जाता है। विजय दौड़ता हुआ घर के अंदर जाता है और चारों ओर मोनू की तलाश करता है, लेकिन उसे ना तो मोनू और ना ही कुत्ते का कुछ पता चल पाता है। बहुत ढूंढने पर भी जब दोनों नहीं मिलते, तो विजय हार मान लेता है और उनके दोबारा मिलने की आस में वहीं रहने लगता है।

कुछ दिन बाद विजय बिजली की लाइन को ठीक करने के लिए एक इलेक्ट्रिशियन को बुलाता है, लेकिन घर में दाखिल होने से पहले ही वह दरवाजे से ही उल्टे पैर भाग जाता है। विजय के पूछने पर वह कहता है कि आपके घर में एक औरत, एक बच्चा और एक कुत्ते का भूत दिखाई दे रहा है। इलेक्ट्रिशियन की बात सुनकर विजय उदास हो जाता है। उसे एहसास हो जाता है कि अब उसका बेटा कभी लौटकर नहीं आएगा, जिसके बाद विजय वह घर छोड़कर चला जाता है और कभी लौटकर नहीं आता।

### कहानी से सीख

किसी भी चीज पर अपना समय व धन निवेश करने से पहले जांच पड़ताल कर लेनी चाहिए।

## रंग भरो



New Delhi

# रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास लगी आग में सैकड़ों झोपड़ियां राख, एक मौत, हादसे में एक बच्चा भी घायल

**नई दिल्ली, (एजेंसी) रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास लगी भीषण आग में 400-500 झुग्गियां जलकर खाक हो गई हैं। एक व्यक्ति की मौत हुई है। शुरुआती जानकारी में आया है कि आग से एलपीजी सिलेंडर एक बाद एक फटे जिससे आग और भड़क गई।**

अग्निशमन विभाग ने बताया कि उसे रात करीब 10.56 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद 15 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने में जुटे हैं। घटना में एक बच्चा भी घायल हुआ है, उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा दिया गया।



इस बीच, पुलिस सूत्रों ने बताया कि कई एलपीजी सिलेंडर फटने से आग और भड़क गई और निवासियों में दहशत फैल गई। इलाके से धुएं का घना गुबार उठता देखा गया, जबकि स्थानीय लोग अपना सामान बचाने और सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए इधर-उधर भाग रहे थे।

पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और आग को और फैलने से रोकने के लिए अतिरिक्त दमकल गाड़ियों को तैयार रखा गया है। डीएफएस के एक अधिकारी ने कहा कि हमारी टीमें आग बुझाने के लिए काम कर रही हैं। हमने पुलिस से दर्शकों को दूर रखने को कहा है।

P. Bangal

## आर्मी स्टेशन की सुरक्षा में सेंध, फर्जी आधार-पैन कार्ड के साथ बांग्लादेशी नागरिक अरेस्ट




**कोलकाता, (एजेंसी)** भारतीय सेना ने बेंगडुबी मिलिट्री स्टेशन में सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए चलाए जा रहे नागरिक कर्मियों के पुनः सत्यापन अभियान के तहत, एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है.

सुरक्षा जांच के दौरान मजदूरों के दस्तावेजों की गहन जांच की गई, जिसमें एक व्यक्ति संदिग्ध पाया गया. जब उससे पूछताछ और तलाशी ली गई तो उसके पास बांग्लादेशी पहचान पत्र मिला. इसके अलावा, उसके पास भारतीय आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी कार्ड भी बरामद किए गए.

सेना ने तुरंत उस व्यक्ति को स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया, ताकि आगे की जांच की जा सके.इस घटना ने यह साबित किया है कि सेना और मिलिट्री इंटेलिजेंस एजेंसियां कितनी सतर्कता से देश की सुरक्षा पर नजर रख रही हैं.

अधिकारियों के अनुसार, इस मामले से यह भी स्पष्ट होता है कि कई बांग्लादेशी नागरिक फर्जी भारतीय दस्तावेज बनवाकर देश के अंदर रोजगार प्राप्त कर रहे हैं.

सेना ने कहा है कि ऐसी सक्रिय जांच और सत्यापन अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे, ताकि किसी भी सुरक्षा जोखिम को समय रहते पकड़ा जा सके. सेना ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के सक्रिय पुनः सत्यापन अभियान समय-समय पर जारी रहेंगे.

Paschim bangal

## दो साल की दोस्ती में दोनों लड़कियां प्यार में डूबीं

**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल में दो महिलाओं के बीच प्रेम की एक अनोखी कहानी देखने को मिली है। सुंदरबन के एक दूरदराज इलाके में दो महिलाओं रिया सरदार और राखी नस्कर के बीच प्यार ने सामाजिक बंधनों को तोड़ दिया। दोनों ने एक-दूसरे से शादी कर ली और सच्चे प्यार में विश्वास रखने वालों के लिए एक मिसाल कायम की। यह शादी मंगलवार को एक स्थानीय मंदिर में हुई। जहां दोनों ने मालाएं बदलीं और एक नए जीवन की शुरुआत की। रिया सरदार मंदिरबाजार और राखी नस्कर बकुलतला की रहने वाली हैं। रिया और राखी दोनों ही पेशेवर डांसर हैं। रिया ने कम उम्र में ही अपने माता-पिता को खो दिया था और उनका पालन-पोषण उनके चाचा-चाची ने किया। इस बीच राखी अपने परिवार के साथ पली-बढ़ी। रिया और राखी की मुलाकात लगभग दो साल पहले हुई थी और फोन पर हुई दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। शादी के बाद रिया ने मीडिया को बताया कि मैंने अपने परिवार को अपने रिश्ते के बारे में बताया, लेकिन किसी ने इसे स्वीकार नहीं किया। मैंने तय किया कि मैं उस व्यक्ति को नहीं खोऊंगी। जिससे मैं प्यार करती हूं। इसलिए मैं घर छोड़कर राखी के साथ रहने लगी।

Jammu & Kashmir

● ऑपरेशन पिंपल

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम की, सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में मारे गए 2

**कुपवाड़ा, (एजेंसी)** जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा स्थित केरन सेक्टर में सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। शनिवार को हुई इस कार्रवाई में दो आतंकवादी मारे गए। सेना के व्हाइट चिनार कॉर्प्स ने एक्स पर बताया कि 7 नवंबर को खुफिया जानकारी मिलने के बाद ऑपरेशन पिंपल शुरू किया गया था। घुसपैठ की कोशिश में जुटे दो आतंकवादियों को घेर लिया गया और फिर एक्शन को अंजाम दिया गया। चिनार कॉर्प्स ने बताया कि चल रहे ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है। इलाके में तलाशी अभियान जारी है। 7 नवंबर 2025 को, एजेंसियों से मिली विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, घुसपैठ की



कोशिश के संबंध में कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। सतर्क जवानों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और उन्हें चुनौती दी, जिसके बाद आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। चिनार कॉर्प्स ने बताया कि सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आतंकवादी फंस गए।

खेल

# पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने नया कीर्तिमान स्थापित किया भारत की एशिया कप सक्षम टीम में जगह बनाई

**नई दिल्ली, (एजेंसी) जन्म से ही भुजाहीन पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने गुरुवार को एक और उपलब्धि हासिल करते हुए जेद्दा में होने वाले आगामी एशिया कप चरण तीन के लिए भारत की सक्षम जूनियर टीम में जगह बनाई। विश्व कंपाउंड चैंपियन शीतल के लिए एक सक्षम अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम में शामिल होना एक और ऐतिहासिक उपलब्धि है।**



### 'मेरा एक छोटा सा सपना था...'

शीतल ने टीम की घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर लिखा, 'जब मैंने प्रतिस्पर्धा शुरू की थी तो मेरा एक छोटा सा सपना एक दिन सक्षम तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा करना था। शुरुआत में मैं इसमें सफल नहीं हो पाई, लेकिन मैं हर असफलता से सीखते हुए आगे बढ़ती रही। आज वह सपना एक कदम और करीब आ गया है।'

### ओजनूर क्यूर गिर्डी से प्रेरणा ली

पेरिस पैरालंपिक 2024 में मिश्रित टीम कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली शीतल ने तुर्की की पेरिस पैरालंपिक चैंपियन ओजनूर क्यूर गिर्डी से प्रेरणा ली जो विश्व स्तर पर सक्षम तीरंदाजों की स्पर्धाओं में भी भाग लेती हैं।

### क्वालिफिकेशन में 703 अंक हासिल किए

देश भर के 60 से ज्यादा सक्षम तीरंदाजों के बीच समान परिस्थितियों में प्रतिस्पर्धा करते हुए जम्मू-कश्मीर की 18 वर्षीय तीरंदाज शीतल सोनीपत में हुए चार दिवसीय राष्ट्रीय चयन ट्रायल में तीसरे स्थान पर रहीं। शीतल ने क्वालिफिकेशन दौर में 703 अंक हासिल किए (पहले दौर में 352 और दूसरे दौर में 351) जो शीर्ष क्वालीफायर तेजल साल्वे के कुल अंक के बराबर स्कोर था।

### शीतल ने तीसरा स्थान हासिल किया

फाइनल रैंकिंग में तेजल (15.75 अंक) और वैदेही जाधव (15 अंक) ने शीर्ष दो स्थान हासिल किए, जबकि शीतल ने 11.75 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। शीतल ने महाराष्ट्र की ज्ञानेश्वरी गडाधे को 0.25 अंक के मामूली अंतर से पीछे छोड़ा।

सिनेमा

## कटरीना को नहीं मिला पिता का प्यार, मां ने अकेले पाला सालों से नहीं हुई बात



कटरीना कैफ और विक्की कौशल ने शुक्रवार, 7 नवंबर को अपने बेटे का स्वागत दुनिया में किया. कपल के सोशल मीडिया पर इस खुशखबरी को शेयर करते ही फैंस झूम उठे. दोनों को ढेरों बधाइयां मिल रही हैं. विक्की और कटरीना ने 2021 में शादी की थी. इससे पहले कई सालों तक उन्होंने डेटिंग की, मगर अपने रिश्ते को छुपाकर रखा था. विक्की और कटरीना की परवरिश बहुत अलग घरों और माहौल में हुई है. विक्की मुंबई में अपने एक्शन डायरेक्टर पिता शाम कौशल और गृहिणी मां वीना कौशल के साथ बड़े हुए, जबकि कटरीना का बचपन अनोखा रहा. वे अपनी सिंगल मां सुजैन के साथ बड़ी हुईं. सुजैन पहले वकील थीं, लेकिन बाद में अंतरराष्ट्रीय चैरिटी वर्क में शामिल हो गईं. उनके काम की वजह से उन्हें कई महाद्वीपों की यात्रा करनी पड़ती थी. इसलिए कटरीना अपने सात भाई-बहनों के साथ दुनिया घूमती रहीं. इस सबके बीच उनके पिता अनुपस्थित रहे, क्योंकि उन्होंने कटरीना के बचपन में ही परिवार छोड़ दिया था. 2008 में शोमा चौधरी को दिए इंटरव्यू में कटरीना ने कहा कि उनके पिता का उनके जीवन में कोई प्रभाव नहीं रहा. उन्होंने अपने शुरुआती सालों के बारे में पूछे जाने पर कहा था, 'मेरे पिता का कोई प्रभाव नहीं हैं, वे हमारे परिवार का हिस्सा नहीं थे.

## Highlights

1. Govt issues high risk warning for millions of Android users
2. Kalyan Banerjee loses ₹55 lakh to cyberscam involving forged KYC
3. Ex-Union Power Minister claims Bihar lost ₹62,000 cr in Adani project, says 'BJP can fire me'
4. RJD brought caste conflict to Bihar in dim light of lantern: UP CM
5. What is GPS spoofing, and how could it disrupt flights in Delhi?

# IITian CEO walked away from a ₹4 crore job to launch AI startup that just raised $61 million

**NEW DELHI, (Agency).** Giga, an Artificial intelligence (AI) support automation startup founded by two IIT Kharagpur alums, has raised $61 million in Series A funding led by Redpoint Ventures. An old LinkedIn post by one of the founders shows how both techies walked away from their high-paying job offers to build a startup that is now making headlines.

Varun Vummadi, in a two-year-old post, wrote about how he was offered a PhD from a renowned university and a high-paying job, but decided to leave it all to work on something of his own.

"I received a PhD offer from Stanford University and a $525K job offer from an international HFT as a quant trader. We left all those opportunities to pursue our passion towards solving challenging problems in Machine learning." He added that his co-founder, Esha Manideep, left a "$150K job as a system engineer role with a prominent Indian HFT firm."



The post, shared a day before Vummadi and Manideep launched Giga, was recently reshared on X, and it has created chatter.

Social media had a lot to say:

An individual posted, "Wow. Respect." Another added, "They are indeed the biggest risk takers. I admire them so much; one day I want to do something like that." A third expressed, "This is amazing." A fourth wrote, "Kudos."

Who are Varun Vummadi and Esha Manideep?

Varun Vummadi and Esha Manideep were both featured on the Forbes "30 Under 30 Asia" list in 2024. While Esha Manideep serves as co-founder and CTO of Giga, Varun Vummadi is the CEO and co-founder of the AI company. Both graduated from the Indian Institute of Technology (IIT), Kharagpur.

Announcing the $61 million funding, Varun Vummadi tweeted, "We have raised a $61M Series A to automate customer operations. The world's leading companies like DoorDash trust Giga to supercharge customer experience with AI."

# Nykaa Q2 Results: Net profit jumps more than three-fold on 25% surge in revenue

**NEW DELHI, (Agency).** FSN E-Commerce Ventures Ltd., the listed operator of India's largest online cosmetics retailer Nykaa, grew its bottomline by more than three times in July-September on the back of a 30% surge in sales volume.

Consolidated net profit rose 244% over the year-ago period to ₹34.4 crore in the three months ended 30 September, on revenue that increased 25.1% year-on-year to ₹2,346 crore, according to an exchange filing on Friday (7 November 2025).



Nykaa Q2 Results FY26 (Consolidated, YoY)


Revenue up 25.1% at ₹2,346 crore. EBITDA up 53.4% at ₹159 crore

EBITDA margin up 130 bps at 6.8%

Net profit up 244% at ₹34.4 crore

One basis point is one-hundredth of a percentage point.

On Friday, Nykaa shares rose 0.22% to ₹246.00 apiece on the BSE even as the benchmark Sensex ended the day 0.11% lower at 83,216.28 points




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक